# कार्यालय कलेक्टर (कृषि) जिला श्योपुर (म.प्र.)

क्रमांक/जीइएफ./टीएसजी बैठक/2023–24/599 श्योपुर, दिनांक 15.9.23

## //बैठक कार्यवाही विवरण//

आज दिनांक 13.09.2023 को शाम 04.00 बजे से ग्लोबल इन्वायरमेंट फेसिलिटि अंतर्गत जिला स्तरीय तकनीकी समूह की बैठक कलेक्टर महोदय, की अध्यक्षता में कार्यालय जिला कलेक्ट्रेट सभागार श्योपुर के कक्ष में रखी गई। जिसमें निम्न अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

01. श्री संजय कुमार, जिला कलेक्टर श्योपुर।
02. श्री अतेन्द्र सिंह गुर्जर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत श्योपुर।
03. श्री पी.गुजरे, उपसंचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास जिला श्योपुर।
04. डॉ. सुभाष दोहरे, उप संचालक पशु चिकित्सा सेवायें जिला श्योपुर।
05. डॉ. कायम सिंह, वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख कृषि विज्ञान केन्द्र बडौदा।
06. श्री आशीष बनसोड़, उप वनमण्डाधिकारी, जिला श्योपुर।
07. श्री एस.एस. प्रजापति, तकनीकी सहायक, उद्यानिकी, जिला श्योपुर।
08. श्री मुनेश शाक्य, सहायक संचालक, किसान कल्याण तथा कृषि विकास जिला श्योपुर।
09. श्री अतुल कुमार पाल, टीम लीडर, ग्रीन ऐग प्रोजेक्ट जिला श्योपुर।
10. श्री रघुवीर रावत, सरपंच, पराष्ठा, जिला श्योपुर।
11. श्री दिलीप आदिवासी, सरपंच, श्यामपुर, जिला श्योपुर।

## // कार्यवाही विवरण//

श्री अतुल कुमार पाल, टीम लीडर, द्वारा बताया गया कि ग्लोबल इन्वायरमेंटल फेसिलिटी (जी.ई.एफ) अंतर्गत ग्रीन–ऐग ट्रांसफार्मिंग इंडियन एग्रीकल्चर फॉर ग्लोबल इन्वायरमेंटल बेनिफिट्स एंड द कन्सर्वेशन ऑफ क्रिटिकल बायो–डायवर्सिटी एंड द कन्सर्वेशन ऑफ क्रिटिकल बायो–डायवर्सिटी एंड फॉरेस्ट लैंड स्केप प्रोजेक्ट मे चयनित जिला श्योपुर के 76 ग्रामो में किया जाना है। जिसमे 17 ग्रामो मे कार्य किया जा रहा है शेष 59 ग्रामो मे किया जाना प्रस्तावित है।

अंतिम टी.एस.जी. बैठक दिनांक 31.03.2023 मे अनुमोदन हेतु दिये गये कार्य को समय पर पूर्ण किया गया है। जिसके अंतर्गत प्रथम चरण मे खरीफ 2023 में Farmer Field School (FFS) को संचालन किया जा रहा है। प्रथम चरण मे Free Prior Informed Consent (FPIC) प्रकिया संपादित की गई। 13 ग्रामो मे Village Implementation Committee (VIC) गठन समय सीमा मे पूर्ण किया जा चुका है। Eco-Club का गठन कर Eco-Club वृक्षारोपण की गतिविधियो का पूर्ण कर लिया गया है। परियोजना क्षेत्र के अंतर्गत 29 सी.आर.पी. को नियुक्त कर प्रशिक्षण दिया जा चुका है। पशुपालन की जिला स्तरीय दो दिवसीय कार्याशाला सम्पन्न की गई। अतः इस तरह शेष 59 ग्रामो मे प्रोजेक्ट अंतर्गत कार्य किया जाना प्रस्तावित है।

- ग्लोबल इन्वायरमेटल फेसिलिटी (जी.ई.एफ) ग्रीन–ऐग प्रोजेक्ट अंतर्गत चयनित श्योपुर के 17 ग्रामो मे खरीफ 2023–24 मे फार्मर फील्ड स्कूल (एफ.एफ.एस.) संचालन किया जा रहा है। श्योपुर के 76 ग्रामो मे रबी फसल 2023–24 मे फार्मर फील्ड स्कूल (एफ.एफ.एस.) संचालन हेतु समिति द्वारा अनुमोदन किया गया। (कार्यवाही जी.एल.आई.यू. टीम श्योपुर एवं संबंधित विभाग)
- Free Prior Informed Consent (FPIC) प्रथम चरण मे चयनित 17 ग्रामो मे से भैरोपुरा एवं दौलपुरा ग्रामो मे पूर्ण किया क्योकि 02 ही ग्रामो मे आदिवासी समुदाय है। शेष 59 ग्रामो मे किया जाना

प्रस्तावित है। इस पर टी.एस.जी. बैठक मे अनुमोदन दिया गया। (कार्यवाही जी.एल.आई.यू. टीम श्योपुर)

- Village Implementation Committee (VIC) ग्राम स्तर पर 17 ग्रामो मे से 13 ग्रामो मे किया जा चुका है। शेष 59 ग्रामो मे गठन करने के संबंध मे चर्चा की गई एवं कलेक्टर महोदय द्वारा निर्देश दिये गये कि इस पर समय सीमा मे कार्यवाही की जाये। इस पर समिति द्वारा अनुमोदन दिया गया। (कार्यवाही जी.एल.आई.यू. टीम श्योपुर)
- ECO Club का गठन जिला श्योपुर के विकास खण्ड विजयपुर 17 ग्रामो मे किया जा चुका है। शेष 59 ग्रामो मे गठन किया जाना प्रस्तावित है। इस पर समिति द्वारा कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये। (कार्यवाही जी.एल.आई.यू. टीम श्योपुर एवं संबंधित विभाग)
- Community Consultation जिला श्योपुर के विकास खण्ड विजयपुर के 17 ग्रामो मे किया जा चुका है। शेष 59 ग्रामो मे किये जाने के संबंध मे चर्चा की गई इस पर समय सीमा मे कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये। (कार्यवाही जी.एल.आई.यू. टीम श्योपुर)
- House Hold Survey जिला श्योपुर के विकास खण्ड विजयपुर के 76 ग्रामो मे किया जाना प्रस्तावित है। जिस पर समिति द्वारा कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये। (कार्यवाही जी.एल.आई.यू. टीम श्योपुर)
- Field School on Landscape Governance 76 ग्रामो मे किया जाना प्रस्तावित है। इस बिंदु पर चर्चा की गई एवं कलेक्टर महोदय द्वारा समय सीमा मे कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये गये। (कार्यवाही जी.एल.आई.यू. टीम श्योपुर एवं संबंधित विभाग)
- Field School on Livestock Management 76 ग्रामो मे किया जाना प्रस्तावित है। इस पर समिति द्वारा अनुमोदन दिया गया। (कार्यवाही जी.एल.आई.यू. टीम श्योपुर एवं संबंधित विभाग)
- Green Value Chain 76 ग्रामो मे किया जाना प्रस्तावित है जिससे परियोजना क्षेत्र के ग्रामो मे अधिक से अधिक किसानो को सहयोग प्रदान कर उनकी आय के स्त्रोतो को बढ़ावा दिया जाये। इस संबंध मे चर्चा की गई एवं टी.एस.जी. द्वारा अनुमोदन दिया गया। (कार्यवाही जी.एल.आई.यू. टीम श्योपुर एवं संबंधित विभाग)
- ग्रीन–ऐग प्रोजेक्ट से संबंधित विभागो को कलेक्टर महोदय द्वारा निर्देश दिये गये परियोजना क्षेत्र मे चयनित 76 ग्रामो मे विभागीय गतिविधियो के साथ Convergence मे की जाने वाली अधिक से अधिक गतिविधियो मे सहयोग प्रदाय कर संपादित करे।

अंत मे टीम लीडर एवं उप संचालक, किसान कल्याण तथा कृषि विकास जिला श्योपुर द्वारा सभी को धन्यवाद ज्ञापन देकर बैठक समाप्त की गई।

कलेक्टर
जिला श्योपुर (म.प्र.)

क्रमांक / जीइएफ. / टीएसजी बैठक / 2023–24 / 600 श्योपुर, दिनांक 25-5-23

प्रतिलिपिः–

1. आयुक्त , किसान कल्याण तथा कृषि विकास, सह परियोजना संचालक (ग्रीन–ऐग प्रोजेक्ट), विंध्यांचल भवन, भोपाल म.प्र.।
2. कलेक्टर महोदय की ओर सादर सूचनार्थ।
3. वन मण्डलाधिकारी (सामान्य), जिला श्योपुर।
4. वन मण्डलाधिकारी (कूनो), जिला श्योपुर।

5. मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्योपुर।
6. संयुक्त संचालक, किसान कल्याण तथा कृषि विकास चंबल संभाग मुरैना।
7. अधिक्षण अभियंता भू–संरक्षण मुरैना/सहायक भू–संरक्षण अधिकारी जिला श्योपुर।
8. उप संचालक, पशु चिकित्सा सेवाएँ, जिला श्योपुर।
9. उप संचालक, किसान कल्याण तथा कृषि विकास, जिला श्योपुर/मुरैना म.प्र.।
10. वरिष्ठ एवं प्रमुख वैज्ञानिक, कृषि विज्ञान केन्द्र बड़ौदा।
11. महिला एवं बाल विकास अधिकारी जिला श्योपुर।
12. उप संचालक, सामाजिक न्याय एवं निशक्त जन कल्याण जिला श्योपुर।
13. कार्यपालन यंत्री, जल संसाधन विभाग जिला श्योपुर।
14. सहायक यंत्री भू–जल विभाग जिला श्योपुर।
15. सहायक संचालक, उद्यान, जिला श्योपुर।
16. डॉ. सूजान सिंह विमल, एस.टी.सी. ग्रीन ऐग प्रोजेक्ट भोपाल म.प्र.।
17. श्री अतुल कुमार पाल, टीम लीडर, ग्रीन ऐग प्रोजेक्ट जिला श्योपुर।
18. संबंधित ...................................................................................... की ओर
सूचनार्थ/पालनार्थ।

कलेक्टर
जिला श्योपुर (म.प्र.)